सत्यमेव जयते

**सुनील कुमार गुप्ता**
**उप महानिदेशक**



दूरभाष : 24671101, 24671102
Phone : 24671101, 24671102
प्रशिक्षण महानिदेशालय
भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
नई दिल्ली – 110023
DIRECTORATE GENERAL OF TRAINING
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP
NEW DELHI - 110023

# संदेश

आप सभी को "हिंदी दिवस, 2025" की हार्दिक शुभकामनाएँ!

देश के अधिकांश भू-भाग में बोली जाने वाली भाषा के तौर पर हिंदी को 14 सितम्बर, 1949 को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। तभी से 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

हिंदी प्रारम्भ से ही साहित्य, कला, सिनेमा और व्यवसाय की भाषा रही है। आज़ादी के बाद यह सरकारी कामकाज की भाषा भी बनी। तभी से हम इसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास करते आ रहे हैं। इन प्रयासों में राजभाषा सम्मेलनों का आयोजन, हिंदी माह और हिंदी पखवाड़ा का आयोजन, प्रोत्साहन योजनाएँ चलाना और प्रशिक्षण देना आदि शामिल हैं। हम इसके लिए कार्यशालाओं का आयोजन भी करते हैं ताकि हिंदी में काम करने की झिझक दूर हो और कठिनाइयों का समाधान किया जा सके। इन सबके बावजूद, हमने उतनी प्रगति नहीं की है जितनी हमने उम्मीद की थी।

हम जानते हैं कि भाषा उसके प्रयोग के आधार पर आगे बढ़ती है। फाइलों पर और पत्राचार में हिंदी का प्रयोग बढ़ेगा, तभी हिंदी को दिया गया राजभाषा का दर्ज़ा सार्थक होगा। अन्य सभी क्षेत्रों में हिंदी की प्रगति से प्रेरणा ले कर, हम अपने दैनिक सरकारी कामकाज में भी हिंदी को अधिक प्रयोग में लाएं तो निस्संदेह अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। मैं आशा करता हूँ कि प्रशिक्षण महानिदेशालय और इसके सभी अधीनस्थ प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत आप सभी अधिकारी और कर्मचारी अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करने में गौरव का अनुभव करेंगे।

आइए, हिंदी दिवस के इस अवसर पर अधिक-से-अधिक सरकारी काम हिंदी में करने का संकल्प लें और हिंदी के प्रचार-प्रसार में भागीदार बनकर अपना योगदान दें।

जय हिंद!

सुनील गुप्ता

(सुनील कुमार गुप्ता)
उप महानिदेशक

Scanned with OKEN Scanner